कैब चालक से लूट और फिर हत्या करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग का भंडाफोड़

पांच आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, जिसमें तीन बाल अपचारी शामिल

जयपुर। राजधानी जयपुर के शिवदासपुरा थाना इलाके में 12 अप्रैल को हुए कैब चालक मुनेश हत्याकांड की वारदात का खुलासा करते हुए अन्तर्राज्यीय गैंग के पांच आरोपियों को पकड़ा है। जिसमें तीन बाल अपचारी शामिल है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने लूट के इरादे से कैब चालक की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई टैक्सी सहित वारदात में प्रयुक्त एक पिस्टल,पांच कारतूस सति दो मैग्जीन बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर सहित अन्य राज्यों में सात-आठ वारदातों को करना कबूला है। गैंग में शामिल तीन अन्य नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर के शिवदासपुरा थाना इलाके में 12 अप्रैल को हुए कैब चालक मुनेश हत्याकांड की वारदात का खुलासा करते हुए अन्तर्राज्यीय गैंग के पांच आरोपियों को पकड़ा है।

- लूटी गई टैक्सी सहित वारदात में प्रयुक्त एक पिस्टल, पांच कारतूस सति दो मैग्जीन जब्त
- जयपुर शहर सहित अन्य राज्यों में सात-आठ वारदातों को करना कबूला
- लूटने के इरादे से की गई है कैब चालक की हत्या
- पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि शिवदासपुरा थाना इलाके में 12 अप्रैल को हुए कैब चालक मुनेश हत्याकांड और लूट की वारदात करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग के अंगद शर्मा उर्फ शिवा उर्फ शिवाय (24) तिगांव, जिला फरीदाबाद (हरियाणा),राहुल बैरवा (19) निवासी चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर हाल सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं गैंग में शामिल तीन अन्य नाबालिगों को निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई टैक्सी सहित वारदात में प्रयुक्त एक पिस्टल,पांच कारतूस सति दो मैगजीन बरामद की है।

थानाधिकारी बृजमोहन कविया ने बताया कि 12 अप्रैल को प्रताप नगर थाना इलाके में अक्षय पत्र चौराहे के पास 6-7 युवक टैक्सी चालक को ऑफ लाइन इंडिया गेट लेकर गए। इस दौरान कार में सवार बदमाशों ने चालक को कैब में ही बंधक बना कर कैब लूटने और आरोपी को मारपीट कर छोड़ने के फिराक में थे। इस दौरान बदमाशों ने जब पीड़ित उनके कब्जे में नहीं आया तो आरोपियों ने उसके पेट में दो फायर कर दिये। जिस से कार चालक मुनेश की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों ने लाश को ठिकाने लगाने के लिए शव को द्रव्यवती नदी उसे फेंक दिया। 14 अप्रैल को पुलिस ने द्रव्यवती नदी से शव निकाला। इसी दिन मृतक के परिजनों ने प्रताप नगर थाने में मुनेश की गुमशुदगी दर्ज कराई। पीड़ित परिवार को शव दिखाया गया, जिसके बाद हुलिया और कपडे मैच होने पर शव की शिनाख्त हुई। मेडिकल जांच में मृतक के शरीर में दो गोलियां मिली जिस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू किया। चालक की हत्या करने के बाद उस गाड़ी को लेकर बदमाश दिल्ली चले गए। दिल्ली में एक पेट्रोल पंप पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिस के बाद इन बदमाशों का दिल्ली में ही ऑनलाइन चालान कटा। उसकी जानकारी मृतक के भाई के नम्बर पर मैसेज के माध्यम से आई । जिसके बाद पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा करना शुरू किया। पुलिस ने टीम ने वारदात करने वाले पांच लोगों को डिटेन किया। जिसमें दो को गिरफ्तार किया और तीन अन्य को बाल सुधार गृह में भेज दिया। पुलिस को बदमाशों के पास से एक पिस्टल पांच जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद हुई है। आरोपियों जयपुर शहर और अन्य राज्यों में कई वारदातों को इस तरह से अंजाम दे चुके हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

यात्रियों का पर्स चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को दबोचा

जयपुर। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जान से मारने का भय दिखाकर यात्री का पर्स चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को धर-दबोचा है। जिनके पास से एटीएम कार्ड सहित अन्य सामान जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जान से मारने का भय दिखाकर यात्री का पर्स चोरी करने वाले वासिफ(23) और मुसरत अली (43) को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को धारदार हथियार से जान से मारने का भय दिखाकर सामान-मोबाइल,पर्स आदि सामान छीन कर फरार हो जाते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

सिंधी कैंप थाना पुलिस ने जान से मारने का भय दिखाकर यात्री का पर्स चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को धर-दबोचा है।

हेमलता प्रभु स्मृति समारोह 22 अप्रैल को

जयपुर। जवाहर कला केन्द्र में 22 अप्रैल को 14वें हेमलता प्रभु स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जयपुर की पहली महिला नाट्यय निर्देशक और कनोडिया महिला महाविद्यालय की सह-संस्थापक व महारानी महाविद्यालय में दो दशक तक अंग्रेजी शिक्षिका रहीं हेमलता प्रभु के 105वें जन्मदिवस के अवसर पर किया जा रहा है। इस मौके पर रंगायन सभागार में शाम 7 बजे इम्प्रॉपर फ्रैक्शन्स की ओर से मंजरी कौल के निर्देशन में नाट्यय प्रस्तुति 'जुगनू दिल औरतें' (फायरफ्लाइ वुमेन) का मंचन किया जाएगा। यह एक संवादपूर्ण फिजिकल थिएटर प्रदर्शन है जो तीन महिलाओं द्वारा जेल से लिखे गए पत्रों की पृष्ठभूमि में नारीवादी दुनिया की संभावना की खोज करता है। यह रोकेया सिंह सखावात की 115 साल पुरानी कहानी में उल्लेखित 'औरतों की धरती' का यूटोपिया है। हेमलता प्रभु के मित्रजनों, परिवार पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज़, राजस्थान बोध शिक्षा समिति, रोशानारा ट्रस्ट की ओर से कला अनुरागियों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई।

सार-समाचार

युवक से मोबाइल छीना

जयपुर। एसएमएस थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक के हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जुटी है। पुलिस के अनुसार अहिंसा सर्किल निवासी रमेश चंद्र देवंदा ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से जेके लोन अस्पताल गया था। अस्पताल के बाहर खड़ा रहने के दौरान पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गया। इस अप्रत्याशित घटना में पीड़ित कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गया। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

भगवान श्री झूलेलाल मंदिर के आसपास शराबबंदी की मांग

जयपुर। अग्रवाल फॉर्म, मानसरोवर स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर, मानसरोवर में सिंधी समाज की सभा आयोजित की गई। सभा का अहम मकसद अग्रवाल फार्म पंचायत के पदाधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना करना रहा, ताकि मंदिर के बाहर का माहौल सुधरे और शराबबंदी संभव हो सके। सभा में कई अहम मांगें भी रखी गईं। सभा में शंकर दुलानी, लीलाराम मनवाणी काली मामा, अजय डोडवानी, केल बाबू पुरसनानी, मोतीराम, आसान मूलचंदानी, सरिता कुलकर्णी समेत बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर की पंचायत से यह भी मांग की गई कि वह अपने कार्यों के लिए जवाबदेह हो और समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इसके साथ ही मंदिर के आसपास के क्षेत्र में शराबबंदी करने और स्वच्छता अभियान चलाने की मांग की गई। मंदिर प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को लेकर नारे भी लगाए गए।

विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेशाध्यक्ष बने मुकेश ''काका''

जयपुर। विप्र फाउंडेशन ने जयपुर जोन में युवा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व मुकेश शर्मा ''काका'' को सौंपा है। विप्र फाउंडेशन युवा के राष्ट्रीय समन्वयक मनोज पांडे ने शर्मा को यह दायित्व पत्र सौंपा। सामाजिक सरोकारों में सदैव अग्रणी रहने के कारण ''काका'' के नाम से ख्याति प्राप्त मुकेश शर्मा जयपुर नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 71 से पार्षद भी है। उन्हें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा टीम में प्रमुख कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता हैं। युवा प्रदेशाध्यक्ष मुकेश शर्मा काका का सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने नियुक्ति की बधाई प्रेषित कर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया।

व्यवसायी भारत कुमार सैनी आत्महत्या मामले में लोगों में आक्रोश

जयपुर। बिंदायका थाना इलाके में शुक्रवार को व्यवसायी भारत कुमार सैनी ने अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर लिया था। आरएएस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोग अस्पताल के बाहर जमा हो गए और शव लेने से इनकार कर दिया। पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और विरोध कर रहे लोगों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर लोगों ने शव लिया और उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

- पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल के बाहर जमा हुई भीड़, लोगों ने शव लेने से किया इनकार
- पुलिस के आरएएस अधिकारी पर कार्रवाई के आश्वासन पर माने, फिर किया अंतिम संस्कार

गौरतलब है कि गोविन्दपुरा निवासी आर्किटेक्ट भारत कुमार सैनी (42) पुत्र भानु प्रताप सैनी ने सुसाइड किया है। वह अपने माता-पिता, पत्नी और 12 व 5 साल के बेटे के साथ रहता था। पिछले 10 साल से बालाजी विहार-9 सीकर रोड पर गौरव डिजाइनिंग के नाम से बिजनेस करता था। शुक्रवार सुबह वह घर पर किसी से बात किए बिना ही स्कूटी लेकर निकला था। दोपहर बाद उसने सिरसी रोड पर स्थित रॉयल ग्रीन सोसाइटी अपार्टमेंट (जहां आरएएस का फ्लैट) में गया। अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल पर छत से छलांग लगाकर भारत कुमार सैनी ने आत्महत्या कर ली। मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में आरएएस अधिकारी द्वारा काम के रुपए नहीं देने से परेशान होकर सुसाइड करने की बात लिखी थी।

थानाधिकारी विनोद वर्मा ने बताया कि आत्महत्या के मामले को लेकर लोगों में आक्रोश था। लोग एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर जमा हो गए थे। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया था। लोग आरएएस अधिकारी पर त्वरित कार्रवाई करने की बात कह रहे थे। लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। तब जाकर परिजनों ने शव लेकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। मामले में आरएएस अधिकारी के खिलाफ जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी बात सामने आएगी उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

बिजनेसमैन का सुसाइड मामले में 40 लाख में राजीनामा

जयपुर। बिंदायका थाना इलाके में अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर बिजनेसमैन के सुसाइड में नया मोड़ आ गया है। सुसाइड के दूसरे दिन ही आरएस मुक्ताराव व मृतक के पिता के बीच 40 लाख रुपए में राजीनामा हो गया। इस राजीनामे के बाद पिता ने बताया कि आरएस मुक्ताराव पहले 10 लाख दे देती तो आज मेरा बेटा जिंदा होता। बिंदायका थाने में मृतक के पिता ने मुकदमा वापस लेने के लिए एप्लिकेशन दी। हालांकि, बिंदायका थाना पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमें में जांच जारी है।

- पिता ने केस वापस लेने लिए किया आवेदन

मृतक के पिता भानुप्रताप की ओर से बिंदायका थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला शुक्रवार (18 अप्रैल) शाम दर्ज कर लिया गया था। इसके बाद 18 अप्रैल की देर रात आरएस मुक्ताराव और मृतक के पिता भानुप्रताप के बीच मीटिंग में 40 लाख रुपए में राजीनामा हो गया। राजीनामा होने पर भानुप्रताप की ओर से दर्ज मामले को वापस लेने के लिए लिखित एप्लिकेशन दी गई।

एप्लिकेशन में लिखा कि18 अप्रैल को आपके पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था, जो कि मैं पूर्ण जानकारी के अभाव में जल्दबाजी में दर्ज करवाया था। मेरे द्वारा उक्त प्रकरण में मैं पुलिस द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाही नहीं चाहता हूं।

उक्त प्रकरण को मैं बिना किसी दबाव, भय, नसे-पते के पूर्ण होश हवास में अपनी स्वेच्छा से वापस ले रहा हूं। अत: आपसे निवेदन है कि उक्त प्रकरण में मैं अथवा मेरा परिवार भविष्य में कोई कार्यवाही नहीं चाहते है।

पिता भानुप्रताप का कहना है कि शाम को बिंदायका थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली थी। देर रात प्रकरण को लेकर आरएस मुक्ताराव के पक्ष से राजीनामा हो गया। जो हमारा पैसा निकला तो वह उन्होंने दे दिया। सुबह करीब 5 बजे 40 लाख रुपए कैश देकर गए।

राजस्थान सिविल सर्विस डे 21 को

जयपुर। सिविल सर्विस डे-2025,21 अप्रैल के अवसर पर 20 अप्रैल को जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी एवं सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जिसमे सिविल सर्विस के अधिकारी एवं कर्मचारी सिविल सर्विस कप में भाग लेंगे। इस अवसर पर जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट, रस्साकसी और शतरंज तथा एसएमएस स्टेडियम में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और लॉन टेनिस खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

पड़ोसी ने अपहरण कर नाबालिग से किया दुष्कर्म

जयपुर। जवाहर नगर थाना इलाके में पड़ोसी लड़के द्वारा नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। रात के अंधेरे में किडनैप कर आरोपी ने अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। ढूंढने निकलने परिजनों को नाबालिग बेटी रोते हुए मिली। नाबालिग पीड़िता की मां ने मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर की रहने वाली महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी के साथ पड़ोसी लड़के ने दुष्कर्म किया है।

आरोप है कि गुरुवार रात को नाबालिग बेटी परिवार के साथ घर में सो रही थी। देर रात उठकर कमरे से बाहर गई थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसको ढूंढना शुरू किया। जानकारों को बुलाकर उसको ढूंढने पर काफी देर तक नहीं मिली। कुछ दूरी पर पड़ोस के घर से नाबालिग बेटी के रोने की आवाज सुनकर पहुंचे।

उन्हें आते देखकर आरोपी पड़ोसी वहां से भाग निकला। डरी हालत में रोते मिली नाबालिग बेटी से पूछने पर उसने आरोपी के अपहरण कर अपने साथ घर ले जाकर दुष्कर्म करने के बारे में बताया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वासुदेव देवनानी को मेवाड़ गौरव सम्मान से नवाजा गया

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को जन चेतना मंच द्वारा स्व. सुंदर सिंह भंडारी स्मृति व्याख्यान माला में मेवाड़ गौरव सम्मान से नवाजा गया।

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को शनिवार को जन चेतना मंच द्वारा स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी स्मृति व्याख्यान माला और अभिनंदन समारोह में मेवाड़ गौरव सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान को पाने वाले देवनानी तीसरे व्यक्ति हैं। इससे पहले यह सम्मान सुंदर सिंह भंडारी और गुलाबचंद कटारिया को मिला था। देवनानी को यह सम्मान उनकी उल्लेखनीय समाज सेवाओं, राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों और वैचारिक क्रांति के लिए दिया गया।

स्वर्गीय सुन्दर सिंह भंडारी के 105 वें जन्म दिवस पर जन चेतना मंच द्वारा 'जागृत परिवार ही सशक्त राष्ट्र का आधार' विषय पर आयोजित स्व.सुन्दर सिंह भंडारी स्मृति व्याख्यान माला और अभिनंदन समारोह में देवनानी ने कहा कि उनका मेवाड़ से पुराना व गहरा संबंध रहा है। इस सम्मान को पाकर वे गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की धरा महाराणा प्रताप के शौर्य, पन्नाधाय के त्याग और मीरा की भक्ति के लिए जानी जाती है। शिक्षा मंत्री के दायित्व के दौरान उन्हें अकबर महान के पाठ को हटाकर प्रताप महान के पाठ को जोड़ने का गौरवशाली कार्य करने का मौका मिला था। देवनानी ने कहा कि स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी महान विचारक थे । उनका सादगीपूर्ण जीवन तपस्वी की भांति था। राज्यपाल होते हुए भी वे अपने कपड़े स्वयं धोते थे। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय भंडारी के जीवन के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। देवनानी ने कहा कि भारत सनातन संस्कृति की राह पर है। इसके मूल में भारतीय संस्कार है और संस्कार ही परिवार को जागरूक रखते हैं। जागरूक परिवार ही सशक्त भारत का आधार है। देवनानी ने कहा कि परिवार को जागृत रखने के लिए प्रत्येक परिवार की माता को जीजा माता बनना होगा। देवनानी ने कहा कि हम वापस से संयुक्त परिवार की ओर लौट रहे हैं। यह सशक्त भारत और श्रेष्ठ भारत के लिए सुखद संकेत है। इस कार्य में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। राष्ट्र विकास के लिए हम सभी को इस क्षेत्र में भागीदारी निभाने का संकल्प लेना होगा। हमें आपस में कुटुंब प्रबोधन पर चर्चा करने की आवश्यकता है। आपसी संवाद से ही युवाओं को अवसाद से मुक्ति दिला सकते हैं, ताकि युवा आत्महत्या की प्रवृत्ति से दूर हो सके। देवनानी ने कहा कि परिवार को समय दें। संध्या आरती और संध्या भोजन परिवार के सभी सदस्य मिलकर करें। युवाओं को वैज्ञानिक दृष्टि से संस्कारों को समझाएं। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भारत पर गर्व की अनुभूति करें। पुष्पक विमान, संजय, गणेश जी की सूंड यह प्राचीन भारत की महानता के परिचायक हैं। समारोह को अन्दानम गायत्री, कैलाश, जसवीर सिंह, आई एम सेतिया, हेमंत सिसोदिया ने भी संबोधित किया।

विवाहिता ने लगाया फांसी का फंदा

जयपुर। करधनी थाना इलाके में फांसी का फंदा लगाकर एक विवाहिता का आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मरने से पहले विवाहिता ने अपने भाई को फोन कर कहा था कि उसे बचा लो वरना ये लोग जान से मार देंगे। पुलिस ने कांवटिया हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पिता ने ससुरालवालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि मृतका नीलम उर्फ रीना (32) पुत्री कृष्ण पाल सिंह निवासी डिफेंस कॉलोनी खोह नागोरियान की रहने वाली थी। जिसकी शादी फरवरी-2017 में रावण गेट करधनी निवासी विक्रम सिंह से हुई थी। 16 अप्रैल की दोपहर नीलम ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। दोपहर बाद परिजन को नीलम कमरे में फंदे से लटकी मिली। आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने मृतका के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है। थाने में मृतका के पिता कृष्ण पाल ने ससुरालवालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि शादी के दो महीने बाद ही पति व ससुराल वालों ने नीलम को परेशान करना शुरू कर दिया। बेटी के परेशान होने का पता चलने पर उसे ससुराल से घर लेकर आए थे।

ससुरालवालों ने उनके घर आकर गलती दोबारा नहीं करने की कहकर नीलम को वापस अपने साथ ले गए थे। कुछ समय सब कुछ ठीक रहने के बाद दोबारा नीलम को टॉर्चर करना शुरू कर दिया। उसके साथ मारपीट करने लगे। 16 अप्रैल को नीलम ने अपने भाई अभिमन्यु को फोन कर कहा कि भैया, मेरे पति, सास व देवर तीनों मिलकर मेरे साथ मारपीट कर रहे है। मुझे बचा लो वरना ये मुझे जान से मार देंगे। उसी दिन दोपहर को नीलम के सुसाइड की सूचना मिली।

जवाहर कला केंद्र में ''पर्दा उठने से पहले'' नाट्य प्रस्तुति

जयपुर। जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित जयपुर नाट्यय समारोह के अंतर्गत शनिवार को नाट्यय प्रस्तुति 'पर्दा उठने से पहले' का मंचन हुआ। यह नाटक राजेंद्र कुमार शर्मा ने लिखा है और नाट्यय रूपांतरण एवं निर्देशन हिमांशु झांकल ने किया है। प्रस्तुति में यह दर्शाया गया कि एक निर्देशक को नाटक तैयार करने में कितनी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जाहिर तौर पर ऐसी विपरीत परिस्थितियों को काफी रोचक अंदाज़ के साथ पेश किया गया जिससे पर्दा उठने से पहले की व्यथा दर्शकों तक पहुंची।

मंच पर नाटक की शुरुआत होती है, अनिल एक प्रसिद्ध नाट्यय निर्देशक है और उसे मालूम पड़ता है कि तीन दिन बाद होने वाले उसके नाटक की नायिका वीना रिहर्सल से गायब हो गई है। अनिल की पत्नी शीला नाटकों के प्रति उसकी दीवानगी को नापसंद करती है और ऐसी स्थिति में अनिल उसे कुछ बताने में असहज महसूस करता है। रिहर्सल के दौरान नाटक के अन्य कलाकार यह सलाह देते हैं कि क्यों न वह अपनी पत्नी शीला को ही नायिका के रूप में ले आए। अब लाचार अनिल के पास कोई दूसरा विकल्प शेष नहीं था इसलिए वह जैसे तैसे शीला को अपनी बातों में उलझाकर और तारीफों के पुल बांधकर रिहर्सल में ले आता है। इस दौरान हास्य स्थितियां उत्पन्न होती हैं और उसके पड़ोसी व अन्य पात्र रिहर्सल में बाधा उत्पन्न करने लगते हैं।

जल्द ही नाटक की नायिका वीना वापस लौट आती है और अनिल उसकी तारीफों में जुट जाता है। यह बात शीला को बर्दाश्त नहीं होती और वह वीना को अपने घर से निकाल देती है। अनिल डर जाता है कि कहीं फिर से नाटक मझदार में न रह जाए। तभी एक अन्य युवती अनिल से पूछती है कि क्या वह उसके नाटक में नायिका बन सकती है और नाटक का साकारत्मक अंत होता है। ऐसे ही हास्यप्रद किस्सों से भरे इस नाटक के माध्यम से एक निर्देशक की व्यथा को सकारात्मक ढंग से दर्शाया गया। मंच पर विनोद, सीमा किराड़, वर्षा भाटी, सुमित बैरवा, भीमा, आकाश बैरवा, उमेश, राघव, ऋतु, सुमित्रा बोहरा ने विभिन्न किरदार निभाएं। मंच से परे प्रकाश व्यवस्था शहज़ोर अली, संगीत संयोजन हिमांशु और उमेश ने संभाला।